दैनिक जागरण 2 जुलाई 2015

वृक्षों के लाभ का आंकलन मुद्रा में संभव नहीं

◆ राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में आयोजित गोष्ठी में बोले वक्ता

कानपुर, जागरण संवाददाता : सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में 2500 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने पौधरोपण और वृक्षों के फायदे गिनाए।

वन महोत्सव को संबोधित करते अतुल कांत शुक्ला।

मुख्य अतिथि एसआरके वार्ष्णेय मुख्य वन संरक्षक, सह निदेशक राज्य वन अनुसंधान संस्थान ने कहा कि हम अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति तक सीमित नहीं रह गए हैं बल्कि लालची हो गये हैं। इससे हम विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। वृक्ष से हमें जो मिलता है उसका आंकलन मुद्रा से नहीं किया जा सकता है।

प्रभागीय वानिकी अधिकारी रामकुमार ने कहा कि वर्ष 1950 में तत्कालीन केंद्रीय कृषिमंत्री ने वन महोत्सव का आरंभ किया था तब से आज तक इसे मनाया जा रहा है। कहा कि हमें नियंत्रित जीवन शैली अपनानी होगी क्योंकि वनों के दोहन के लिये हमारी बढ़ती हुई आवश्यकताएं ही दोषी हैं। विशिष्ट अतिथि डा. एसपी श्रीवास्तव, मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव ने कहा कि हमें तय करना होगा कि पौध रोपण अधिक धार्मिक कार्य है या होली की उंचाई बढ़ाना। केआर यादव मुख्य वन संरक्षक कानपुर मंडल ने वनों तथा वृक्षारोपण को रोजगार से जोड़ने पर बल दिया।

अध्यक्षता राष्ट्रीय शर्करा संस्थान नरेंद्र मोहन ने की। इस दौरान ओपी दीक्षित, आईबी सिंह, दीपक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

समय प्रबंधन व साख बचाए रखना बड़ी चुनौती

कानपुर, जागरण संवाददाता : चार्टर्ड एकाउंटेंट के लिए समय प्रबंधन व साख बरकरार रखना बड़ी चुनौती है। यह बात बुधवार को चार्टर्ड एकाउंटेंट डे पर सीए इंस्टीट्यूट सिविल लाइंस में वक्ताओं ने कही। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ सदस्य एमएम डालमिया, उमाशंकर गुप्ता, अक्षय गुप्ता व सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल के उपाध्यक्ष पीयूष अग्रवाल ने झंडारोहण कर किया। वक्ताओं ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों के हिसाब से कामकाज पर सीए का फोकस होना चाहिए। एक जुलाई 1949 को सीए इंस्टीट्यूट की स्थापना के बाद बेहतर व आधुनिक प्रशिक्षण से मौजूदा मुकाम हासिल किया जा सका है। इस मौके पर पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर नवीन भार्गव, विवेक खन्ना, दीप कुमार मिश्र, हिमांशु कपूर, अभिषेक पांडेय, अनिल साहू, शालिनी पांडेय, राधिका माहेश्वरी, पंकज गुप्ता व देवव्रत मिश्रा मौजूद थे।

राष्ट्रीय सहारा 2 जुलाई 2015

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में वन महोत्सव मना

संगोष्ठी में वन महोत्सव की जानकारी दी।

कानपुर (एसएनबी)। सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में वन महोत्सव की शुरूआत करते हुए बुधवार को परिसर में करीब ढाई हजार पौधारोपण किया गया। संस्थना सभागार में एक संगोष्ठी भी आयोजित की गयी। इस अवसर पर सीडीओ शंभू कुमार, अपर आयुक्त राजीव शर्मा,मुख्य वन संरक्षक एसआरके वार्ष्णेय, एसपी श्रीवास्तव व केआर यादव तथा राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। प्रभागीय वनाधिकारी सामाजिक वानिकी रामकुमार ने बताया कि जुलाई प्रथम सप्ताह वन महोत्सव के तहत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जायेगा।